>

Title : Need to restore Nanded-Latur-Mumbai flight services.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): सभापति महोदय, महाराष्ट्र के नांदेड़ में सिखों के धर्मगुरू गोविन्द सिंह जी की गुरता गद्दी है, जो काफी धार्मिक स्थान और पर्यटन स्थल है। देश विदेश से लोग यहां आते हैं। वर्ष 2008 में यात्रियों की सुविधा हेतु सरकार ने नांदेड़-लातूर-मुम्बई फ्लाइट सेवा शुरू की थी, जो अभी दो महीने पहले बन्द हो चुकी है। इसके कारण तीर्थयात्रियों और व्यापारियों को काफी कठिनाई हो रही है। यह हवाई यात्रा शुरू होने से उड्डयन विभाग को काफी राजस्व प्राप्त हो रहा था। फ्लाइट सेवा बन्द होने के कारण महाराष्ट्र की जनता में काफी जनाक्रोश है।

अतः सरकार से मेरी मांग है कि नांदेड़-लातूर-मुम्बई फ्लाइट सेवा पुनः नियमित रूप से बहाल की जाये। धन्यवाद।